प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी)

माल और सेवाकर (जीएसटी) लागू करने के लिए परामर्शदाता की नियुक्ति

आरएफपी संदर्भ सं.: ओआईसी/लेखा/जीएसटी/28.04.2017

दि ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड,

ओरिएण्टल हाउस, ए-25/27, आसफ अली रोड,

नई दिल्ली - 110002

सीआईएन: यू66010डीएल1947जीओआई007158

दूरभाष सं.: 011-43659239

वेबसाईट- www.orientalinsurance.org.in

आरएफपी का मूल्य : प्रत्येक आवेदन के लिए रू.2000/- (लागू करों को मिलाकर)

विषयसूची	
1	बोली विवरण
2	अस्वीकरण
3	अवलोकन
4	उद्देश्य
5	परिभाषाएं
6	आमंत्रण
7	हित का विवाद
8	पात्र मानदण्ड तथा अन्य विवरण
9	स्पष्टीकरण तथा आरएफपी दस्तवेजों में संशोधन +
10	जमा बयाना राशि (ईएमडी)
11	कार्य क्षेत्र/संदर्भ की शर्तें
12	सामान्य परिस्थितियां
13	प्रस्ताव मूल्यांकन
14	निर्णय की अधिसूचना, अनुबंध को अंतिम रूप देना तथा अन्य शर्तें
15	गोपनीयता अनुबंध/वचनबद्धता
16	क्षतिपूर्ति
17	अनुबंध की समाप्ति
18	विविध नियम एवं शर्तें

माल और सेवा कर लागू करने के लिए परामर्शदाता के कार्य की नियुक्ति

1. बोली विवरण

आरएफपी संदर्भ	**ओआईसी/लेखा/जीएसटी/28.04.2017**
विभाग का नाम	**लेखा**
बोली प्रक्रिया के प्रारंभ होने की तारीख तथा समय जैसे वेबसाईट पर निविदा दस्तावेज को डाला जाना	**28.04.2017 4.00 सांय**
बोलीदाताओं से ई-मेल के माध्यम से प्राप्त होने वाले सवालों पर स्पष्टीकरण देने की अंतिम तारीख व समय	**02.05.2017 4.00 सांय**
ई-मेल के माध्यम से प्रश्नों के स्पष्टीकरण जारी करने हेतु अंतिम तारीख व समय	**06.05.2017 5.00 सांय**
तकीनकी व वित्तीय बोली सहित बोली दस्तावेजों को जमा करवाने की अंतिम तारीख व समय	**10.05.2017 4.00 सांयकाल**
बोली प्रस्तुत करने का पता	**उप महाप्रबंधक,** **लेखा विभाग - द्वितीय तल** **दि ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड** **ओरिएण्टल हाऊस, ए-25/27, आसफ अली रोड़,** **नई दिल्ली - 110002**
तकनीकी बोली के खोलने की तारीख व समय	**10.05.2017 5.00 सांयकाल**
तकनीकी व वित्तीय बोली खोलने का स्थान	**उप महाप्रबंधक,** **लेखा विभाग - द्वितीय तल** **दि ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड** **ओरिएण्टल हाऊस, ए-25/27, आसफ अली रोड़,** **नई दिल्ली - 110002** **दूरभाष- 011-43659239**

	बोलीदाता के प्रतिनिधि तकनीकी बोली के खोलते समय उपस्थित रह सकते हैं जबकि तकनीकी बोली बोलीदाता के किसी या सभी प्रतिनिधियों की अनुपस्थिति में भी खोली जा सकती है। इस संबंध में अलग से कोई पत्र-व्यवहार नहीं होगा ।
उद्देश्य	**माल और सेवा कर अधिनियम (जीएसटी) के कार्यान्वयन के लिए परामर्शदाता की नियुक्ति के प्रस्ताव के लिए अनुरोध**
अग्रिम जमा राशि	**तकनीकी बोली के साथ रू. 50,000/- (रूपये पचास हजार केवल) का डिमांड ड्राफ्ट जो कि "दि ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड़" दिल्ली पर देय हो संलग्न होना चाहिए ।**
योग्य तकनीकी बोलीदाता तथा वाणिज्यिक बोली खोलने की घोषणा	**12.05.2017 5.00 सायंकाल**
ईमेल आईडी-	ajaygupta@orientalinsurance.co.in kgnandakumaran@ orientalinsurance.co.in
वेबसाईट लिंक	**www.orientalinsurance.org.in**

नोट :-

1. बोली हस्तांतरणीय नहीं है।
2. उपरोक्त दिनांक अस्थायी हैं तथा बिना पूर्व नोटिस या सूचना के परिवर्तन के अधीन हैं। उपरोक्त दिनांक तथा आरएफपी में अन्यथ किसी भी प्रकार के परिवर्तन/परिशिष्ट के लिए बोलीदाता वेबसाईट www.orientalinsurance.org.in को देखना चाहिए ।
3. यदि उपरोक्त उल्लिखित तारीख में किसी भी अवकाश की घोषणा की जाती है, तो बोलियां अगले कार्य दिवस पर उसी समय तथा उसी निर्दिष्ट स्थान में प्राप्त/खुलेंगी जब तक कि अन्यथा सूचित नहीं किया जाता।

2. अस्वीकरण

प्रस्ताव दस्तावेज हेतु आवेदन (आरएफपी दस्तावेज/बोली दस्तावेज) में निहित सूचना या बाद में बोलीकर्ताओं या आवेदकों को मौखिक या ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड की ओर से या एवज में दस्तावेजी फार्म में दी गई जानकारी बोलीकर्ता(ओं) को इस आरएफपी दस्तावेज में निर्धारित नियमों एवं शर्तों तथा अन्य सभी नियमों एवं शर्तों, जिनके तहत यह जानकारी दी गई है, के तहत दी गई है।

यह आरएफपी दस्तावेज उन आवेदकों, जो बोली को जमा करने के पात्र हैं, के अलावा किसी पक्ष(पक्षों) को ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड का न तो प्रस्ताव है और न ही आमंत्रण या अनुबंध। इस आरएफपी दस्तावेज का उद्देश्य है बोलीकर्ताओं को उनके प्रस्ताव तैयार करने में सहायता प्रदान करने के संबंध में जानकारी उपलब्ध करवाना। यह आरएफपी दस्तावेज प्रत्येक बोलीकर्ता द्वारा अपेक्षित सभी जानकारी शामिल होने का दावा नहीं करता। प्रत्येक बोलीकर्ता अपना स्वतंत्र रूप से निरीक्षण एवं विशलेषण आयोजित करेगा तथा इस आरएफपी दस्तावेज में जानकारी की सत्यता, विश्वसनीयता एवं पूर्णता की जांच करने तथा यदि आवश्यक हो तो स्वतंत्र रूप से जानकारी प्राप्त करने के लिए वह स्वतंत्र है।

इस आरएफपी दस्तावेज की सत्यता, विश्वसनीयता या संपूर्णता के संबंध में ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड तथा इस के कर्मचारी कोई भी आवेदन या वारंटी नहीं देंगे तथा किसी विधि, नियम, विनियम या कानून के अंतर्गत कोई भी देयता नहीं होगी। इस आरएफपी दस्तावेज में निहित कोई भी सूचना विशिष्ट है तथा आरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के पास पूर्ण अधिकार है कि बिना किसी बाध्यता के इस आरएफपी दस्तावेज को अद्यतन संशोधित कर सकती है या इसकी किसी सूचना में सुधार या वृद्धि कर सकती है।

ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड लापरवाही या अन्यथा किसी भी प्रकृति की देयता स्वीकार नहीं करती चाहे वह इस आरएफपी में निहित विवरणियों के कारण किसी बोलीकर्ता की विश्वसनीयता से उत्पन्न क्यों न हो।

आरएफपी जारी करने का यह तात्पर्य नहीं है कि ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड किसी बोलीकर्ता का चयन करने या चुने गए बोलीकर्ता को नियुक्त करने, जैसा भी विषय हो, के लिए बाध्य है तथा कंपनी के पास पूर्ण अधिकार है कि बिना कोई कारण बताए तथा इस कारण से किसी बोलीकर्ता को होने वाली हानि के प्रति देय हुए बिना किसी भी बोली या बोलियों को अस्वीकृत कर सकती है।

बोली संबंधी प्रक्रिया से प्रत्यक्षत: या परोक्ष रूप से संबद्ध ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड का निर्णय अंतिम, अकारण तथा सभी पक्षों/बोलीकर्ताओं पर बाध्य होगा।

बोली को तैयार करने तथा जमा करवाने के संबंध में तैयारी, कॉपी करने, पोस्टेज, सुपुर्दगी फीस, कंपनी द्वारा मांगी गई प्रस्तुतियों या प्रमाण देने के संबंध मं व्यय या बोली से संबद्ध अन्य कोई लागत, तथा केवल यही नहीं, सहित सभी खर्चे बोलीकर्ता द्वारा वहन किए जाएंगे। ये सभी खर्चे एवं लागत बोलीकर्ता

के ही होंगे तथा बोली संबंधी प्रक्रिया के परिणाम या आयोजन, बोली को तैयार करने या जमा करवाने संबंधी किसी भी प्रकार की लागत या खर्चों के संबंध में कंपनी की कोई देयता नहीं होगी।

3. अवलोकन

ओरिएण्टयल इंश्योइरेंस कंपनी लिमिटेड भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की साधारण बीमा की अग्रणी कंपनियों में से एक है जिसके 28 क्षेत्रीय कार्यालय, 3 कारपोरेट बिजनेस यूनिट, 353 मंडल कार्यालयों तथा 4 देशों में विदेशी बिजनेस यूनिटों सहित 1950 कार्यालय हैं। कंपनी की पूर्ण निजी स्वामित्वम की 1 सहायक तथा 2 एसोसिएट्स कंपनियां हैं। कंपनी निगमित एवं फुटकर दोनों ग्राहकों को साधारण बीमा से संबद्ध उत्पादों की विविध श्रेणियां प्रदान करती है। कंपनी अपने ग्राहकों को ऑनलाईन पोर्टल, वेब एग्रीग्रेटर जैसे अन्य वैकल्पिक माध्यिमों से भी सेवाएं प्रदान करती है।

वित्त अधिनियम में 101वीं संशोधन के द्वारा भारत सरकार ने माल एवं सेवा कर के कार्यान्वपयन हेतु रोड मैप दिया है। वित्त राज्य मंत्रियों की अधिकार प्राप्त समिति ने 31.03.2017 तक हुई अपने बैठकों में सीजीएसटी अधिनियम, एसजीएसटी अधिनियम, यूटीजीएसटी अधिनियम तथा आईजीएसटी अधिनियम के प्रारूप को स्वीकृति दे दी थी।

साधारण बीमा का सेवा प्रदाता होने के कारण ओरिएण्टसल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को जीएसटी के अंतर्गत संबद्ध टैक्स लेना है तथा अधिनियम के कानूनी प्रावधानों का अनुपालन करना अनिवार्य है। इस संबंध में ओरिएण्टबल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड जीएसटी के कार्यान्वयन हेतु प्रमाणित ट्रेक रिकार्ड वाले परामर्शदाताओं से प्रस्ताव हेतु आवेदन (आरएफपी) आमंत्रित करती है।

4. उद्देश्य:-

कंपनी का सेवा कर प्रशासन प्रधान कार्यालय में केन्द्रीयकृत है। कंपनी उल्लेख के नियम (टीओआर) में वर्णित किए गए अनुसार जीएसटी प्रशासन में कंपनी के सुचारू रूप से परिवर्तन हेतु कार्यान्वयन एवं प्रशासन में मदद करने के लिए प्रमाणित ट्रेक रिकार्ड वाले परामर्शदाताओं से प्रस्ताव हेतु आवेदन आमंत्रित करती है। (कृपया पृष्ठक सं.14-15 देखें)

5. परिभाषाएं:-

1. कंपनी/ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से तात्पर्य है साधारण बीमा कारोबार (राष्ट्रीयकरण) अधिनियम 1972 के अंतर्गत गठित 'दि ओरिएण्टरल इंश्यौरेंस कंपनी लिमिटेड'।

2. कंपनी के यूनिटों में प्रधान कार्यालय के सभी विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय, मंडल कार्यालय, शाखा कार्यालय, माईक्रो कार्यालय, सहायक कंपनियां, ऐसोसिएट तथा ज्वाइंयट वेंचर शामिल होंगे। 31.03.2017 को सहायक, ऐसोसिएट कंपनियों के नाम निम्नानुसार हैं:-

क. सहायक कंपनी -

1) आईसीसी लिमिटेड

ख. ऐसोसिएट्स

1) हेल्थ इंश्य रेंस टीपीए ऑफ इंडिया लिमिटेड़
2) इंडिया इंटरनेशनल इंश्योरेंस पीटीई लिमिटेड, सिंगापुर

3. **बोलीकर्ता/आवेदक/परामर्शदाता"** से तात्पर्य व्यक्तियों की संस्था या फर्म या इकाई से है जो इस आरएफपी दस्ताबवेज के उत्तर में कंपनी को सेवाएं प्रदान करने हेतु अपना प्रस्ताव जमा करवा रहे हैं।

4. **"पार्टनर"** से तात्पतर्य उस व्यवसायी से है जो भागीदारी अधिनियम 1932 तथा/या लिमिटेड़ देयता भागीदारी अधिनियम 2008 में परिभाषित किए गए अनुसार चार्टर्ड अकाऊंटेंट फर्म/कानूनी फर्म/एलएलपी में लाभ अर्जित कर रहा हो।

5. **"कार्मिक/व्यवसायी"** से तात्पंर्य है- दि चार्टर्ड अकाऊंटेंट अधिनियम 1949 के अनुसार चार्टर्ड अकाऊटेंट के न्यूमनतम योग्यता वाला पूर्णकालिक कर्मचारी, मान्यता प्राप्त विश्वयविद्यालय से विधि में स्नातक डिग्री की कानूनी योग्यता वाला कार्मिक जो बोलीकर्ता के वेतन-चिट्टे पर हो।

6. **"प्रस्ताव/बोली"** से तात्पर्य है - तकनीकी प्रस्ताव तथा व्ययवसायिक/वित्तीय प्रस्ताव।

7. **"आरएफपी"** से तात्पर्य जीएसटी के कार्यान्वयन हेतु परामर्शदाता के चयन के लिए ओरिएण्टल इंश्यौरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा तैयार किया गया "प्रस्ताव हेतु आवेदन"

8. **कार्य/नियोजन** से तात्पर्य है - संविदा के अनुसार परामर्शदाता द्वारा निष्पादित किया गया कार्य।.

9. **"निर्देश के नियम/प्रदेय"** से तात्पर्य है - संविदा के नियमानुसार परामर्शदाता द्वारा निष्पादित की जाने वाली गतिविधियां, कार्य क्षेत्र आदि।

10. **"संविदा"** से तात्पर्य है - सफल बोलीकर्ता तथा ओरिएण्टंल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा हस्ताक्षरित संविदा तथा अन्यस सभी संबद्ध दस्तावेज एवं परिशिष्ट।

11. **"जीएसटी"** से तात्पर्य है - सीजीएसटी, एसजीएसटी, यूटीजीएसटी, आईजीएसटी ये चारों अधिनियम तथा जीएसटी के संबंध में अन्य कोई सरकारी विनियम।

12. **"दिन"** से तात्पर्य है - कैलेंडर दिवस।

6. बोली का आमंत्रण:-

1) प्रस्ताव

1.1. पॉलिसियों, प्रक्रियाओं, गतिविधियों तथा जीएसटी के कार्यान्वयन एवं विकास हेतु गैप रिपोर्ट के द्वारा कंपनी को अवगत कराने तथा विश्लेषण करने हेतु यथोचित परामर्शदाता नियुक्त करने की ओ.इ.कं.लि की योजना है।

1.2. ओरिएण्टल इंश्योकरें कंपनी लिमिटेड सीजीएसटी, एसजीएसटी, यूटीजीएसटी अधिनियम तथा उसमें बनाए गए नियमानुसार जीएसटी को कार्यान्व्यन करते हुए परामर्शी के नियेजन हेतु पात्र प्राईवेट या पब्लिक लिमिटेड कंपनियों, लिमिटेड देयता भागीदारी (एलएलपी) तथा पार्टनरशिप फर्मों से दो अलग सीलबंद लिफाफों (एक तकनीकी बोली हेतु तथा दूसरी व्यरवसायिक बोली) में सीलबंद बोलियां (तकनीकी बोली तथा व्यटवसायिक बोली) आमंत्रित करती है।

1.3. बोली खोलते समय उपस्थित रहने हेतु बोलीकर्ता अपने प्रतिनिधियों को नियुक्त कर सकते हैं। प्रतिनिधि को परिशिष्ट-एच के अनुसार निर्धारित फार्मेट में एक प्राधिकरण पत्र देना होगा जिसमें बोलीकर्ता की ओर से उसे बोली खोलते समय प्रक्रिया में उपस्थित होने तथा बोलीकर्ता की ओर से प्रतिनिधित्व करने के लिए उसे प्राधिकृत किया गया हो तथा उस पर विधिवत रूप से बोलीकर्ता के हस्ताक्षर हो। तकनीकी मूल्यांकन के अंतर्गत योग्य बोलीकर्ताओं के नाम की घोषणा समिति द्वारा मूल्यांधन प्रक्रिया के बाद ही की जाएगी।

7. हित का विवाद:-

कंपनी की अपेक्षा है कि परामर्शदाता व्यावसायिक, वस्तुनिष्ठ तथा निष्पक्ष सलाह दें तथा हर समय कंपनी के हितों को ही प्राथमिकता दे अन्य नियोजनों/कार्यों या अपने निजी निगमित हितों संबंधी विवादों से बचें तथा भविष्य में नियोजन (नियोजनों) हेतु कंपनी से किसी इनाम की अपेक्षा किए बिना अपना कार्य करें। उपरोक्त की सामान्यता पर यदि प्रतिबंधन लगाया जाए तो परामर्शदाता या उनके किसी प्रतिनिधि द्वारा निम्नांकित हितों हेतु विवाद हो सकता है तथा (किसी भी परिस्थिति में उन्हें नियुक्त नहीं किया जाएगा):

i. विवादपूर्ण नियोजन/कार्य : परामर्शदाता (इसमें इसका कार्मिक भी शामिल है) या उसका कोई सहयोगी ऐसी कोई भी कार्य/नियोजन नहीं करेंगे जिससे जीएसटी परामर्शदाता के वर्तमान नियोजन के साथ कोई विवाद उत्पन्न हो।

ii. विवादपूर्ण संबंध : कारोबार करने वाला कोई भी परामर्शदाता (इसमें इसका कार्मिक भी शामिल है) या ओरिएण्टंल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के स्टॉफ का कोई सदस्य, जो (i) नियोजन/कार्य के नियमों को तैयार करने, (ii) ऐसे नियोजन/कार्य की चयन प्रक्रिया या (iii) संविदा के निरीक्षण में प्रत्यक्षत: या परोक्ष रूप से शामिल है, के साथ पारिवारिक संबंध रखने वाले को संविदा तब तक प्रदान नहीं की जाएगी, जब तक ऐसे

संबंध से उत्पन्न, विवाद को चयन प्रक्रिया के दौरान सुलझाकर ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड़ द्वारा स्वीकृत नहीं किया जाता तथा संविदा को निष्पादित नहीं किया जाता।

आवेदक किसी की भी ऐसी वास्तविक स्थिति या विवाद को प्रकट करने के लिए बाध्य होगा जिससे कंपनी के हितों की रक्षा करने की इसकी क्षमता पर प्रभाव पड़े या यदि आवेदक हित संबंधी ऐसे विवादों को प्रकट करने में असमर्थ रहता है और ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को किसी भी समय इसकी जानकारी मिल जाती है तो ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के पास पूरा अधिकार है कि बोली की प्रक्रिया के दौरान आवेदक को अयोग्य घोषित कर सकती है या नियोजन की अवधि के दौरान उसकी संविदा को रद्द कर सकती है।

8. बोलीकर्ताओं की पात्रता संबंधी मापदण्ड :-

आवेदकों को पात्रता संबंधी निम्न मापदण्डों को अवश्य पूरा करना होगा। इन शर्तों को पूरा करने वाले आवेदकों को ही मूल्यांकन प्रक्रिया हेतु स्वीकार किया जाएगा। पात्रता मापदण्डों को पूरा न करने वाले आवेदनों को बिना कोई कारण बताए अस्वीकार कर दिया जाएगा:

8.1

क्र.सं.	पात्रता मापदण्ड	संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज
1.	आवेदनकर्ता फर्म/बोलीकर्ता या तो मान्यता प्राप्त सीए/ICWA हो या विधि फर्म हो।	संस्थापन/पंजीकरण प्रमाणपत्र तथा भागीदारी विलेख/एमओए/एओए जैसा भी विषय हो, की प्रति।
2.	बोलीकर्ता फर्म के पास भारतीय अप्रत्यक्ष कर (सेवा कर) में कम-से-कम 10 वर्षों का अनुभव होना चाहिए। साधारण बीमा कंपनियों के साथ सेवा कर संबंधी मामलों को निगमित स्तर पर देखने वाले फर्मों को वरीयता दी जाएगी।	भारत में या भारत से बाहर कारोबार का लेखा परीक्षण या परामर्श संबंधी जानकारी से संबद्ध अर्थात् नियोजन/आदेश पत्र, ग्राहक संदर्भ इत्यादि। कृपया कम-से-कम 5 ग्राहकों के पते और फोन नंबर के साथ सूची दें।
3.	बोलीकर्ता के पास 31.3.2017 को कम-से-कम 06 भागीदार होने चाहिए तथा 10 पूर्ण कालिक व्यावसायिक रूप से योग्य स्टॉफ, सीए, विधि स्नातक चाहिए। 31.3.2017 को सभी पार्टनर एवं योग्य स्टॉफ को कम-से-कम 1 साल तक फर्म में काम किया होना चाहिए।	व्यवसायिकों की सूची और उनके जीवन-वृत्त के साथ उसकी व्यावसायिक योग्यता के प्रमाणपत्र प्रस्तावित काम हेतु निर्मित की जाने वाली टीम के व्यक्तियों का विवरण परिशिष्ट सी में निर्धारित फार्मेट में दिया जाए।

4.	फर्म को भारत सरकार/राज्य सरकार/आईसीएआई/कर एसोसिएशन द्वारा किसी भ्रष्टाचार और धोखापूर्ण गतिविधियों हेतु अयोग्य घोषित/ बंद घोषित न किया गया हो तथा किसी भी आवेदक फर्म या आईसीएआई के किसी भागीदार या अन्य प्राधिकरण के पास कोई भी अनुशासनिक कार्यवाही लंबित न पड़ी हो।	स्वंय घोषित
5.	फर्म की पिछले 3 वर्षो की औसतन टर्नओवर कम-से-कम 06 करोड़ रूपए होनी चाहिए।	फर्म की पिछले तीन वर्षों (13-14, 14-15 एवं 15-16) की लेखा परीक्षित वित्तीय खातों तथा आयकर रिटर्न की प्रति।
6.	आवेदक फर्म का FUNCTIONAL कार्यालय दिल्ली NCR में होना चाहिए. HEADED BY SR. PARTNER.	कार्यालयों की सूची सहित स्वयं घोषणा पत्र।
7.	किसी भी संगठन जैसे कि बैंक, बीमा कंपनियों की ओर से/को जीएसटी में परामर्श/वकालत। (वांछित योग्यता)	ग्राहकों की सूची

वांछित योग्यता : डीआईएसए/सीआईएसए स्टॉफ होना चाहिए . .

बोलीकर्ता का विवरण तथा पात्रता से संबद्ध विस्तृत जानकारी परिशिष्ट सी में दी जाए।.

8.2.1 चयन संबंधी मापदंड़

दो प्रकार की बोली प्रक्रियाएं होंगी अर्थात् बोलीकर्ता द्वारा तकनीकी बोली तथा व्यावसायिक बोली भरी जाएगी। बोलीकर्ताओं की सूची को कम करने हेतु कंपनी द्वारा बनाई गई समिति साधारण शर्तों की मद सं.13 में व्यक्त मूल्याकंन प्रक्रिया के आधार पर बोलियों की जांच एवं मूल्याकंन करेगी तथा फर्मों की संक्षिप्त सूची बनाकर नियुक्ति, नियम एवं शर्तों, देय शुल्क इत्यादि की रूवीकृति हेतु कंपनी के (कार्यकारी) का निर्णय अंतिम एवं बाध्य होगा। चुनी गई परामर्शदात्री फर्म समिति को एक प्रस्तुति देगी।

8.3 बोली की वैद्यता अवधि

प्रस्ताव बोली जमा करवाने की अंतिम तिथि अर्थात् 10.05.2017 से 90 दिनों तक वैद्य रहेगा। अल्पावधि हेतु वैद्य बोली को गैर-उत्तरदायी मानते हुए अस्वीकृत कर दिया जाएगा। इस संबंध में ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड का कोई भी निर्णय अंतिम, निर्णयात्मक तथा बोलीकर्ता पर बाध्य होगा।

8.4 प्रस्ताव हेतु आवेदन (आरएफपी)

कोई भी इच्छुक पात्र बोलीकर्ता 'दि ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड' के पक्ष में, नई दिल्ली में देय किसी भी अधिसूचित व्यावसायिक बैंक द्वारा जारी रू.2000/- (केवल दो हजार रूपए) का डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर के रूप गैर-वापसी योग्य शुल्क का भुगतान करके आरएफपी दस्तावेज निम्न पते पर स्थित लेखा विभाग से प्राप्त कर सकता है:

दि ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड,
ओरिएण्टल हाउस, ए-25/27, आसफ अली रोड,
नई दिल्ली - 110002

इसके अलावा, आरएफपी दस्ता–वेज को कंपनी की वेबसाईट http://www.orientalinsurance.org.in से डाऊनलोड भी किया जा सकता है। ऐसे मामले में, परामर्शदाता को तकनीकी बोली के साथ किसी भी अधिसूचित व्यिवसायिक बैंक द्वारा 'दि ओरिएण्टाल इंश्यौरेंस कंपनी लिमिटेड' के पक्ष में जारी, नई दिल्ली में देय, डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर के रूप में रू.2000/- (केवल दो हाजर रूपए) की गैर-वापसी योग्यु शुल्कए जमा करवाना होगा।
अपेक्षित राशि के पे आर्डर/डिमांड ड्राफ्ट के बिना वाली बोलियों को बाहर से ही अस्वीकार कर दिया जाएगा।

8.5 बोलियां जमा करवाना

तकनीकी और व्यावसायिक बोली वा एक मास्टर कवर 'आरएफपी – माल एवं सेवा कर अधिनियम (जीएसटी) के कार्यान्वयन हेतु परामर्शदाता की नियुक्ति' नाम से ऊपर अंकित शीर्षक वाला तथा उप महाप्रबंधक –लेखा को प्रेषित प्रस्ताव निम्न पते पर 10.05.2017 तक या पूर्व जमा करवा दिया जाए।

उप महाप्रबंधक
दि ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड़
लेखा विभाग, दूसरा तल,
ओरिएण्टल हाउस, ए-25/27, आसफ अली रोड,
नई दिल्ली – 110002

मास्टर कवर में दो अलग-अलग सीलबंद लिफाफे होने चाहिए। एक पर शीर्षक हो – 'आरएफपी – माल एवं सेवा कर अधिनियम (जीएसटी) को कार्यान्वयन हेतु परामर्शदाता की नियुक्ति' - तकनीकी बोली – निविदा संदर्भ सं.ओ.ई.कं.लि./एसी/जीएसटी/28.04.2017,

व दूसरे सीलबंद लिफाफे पर शीर्षक हो – 'आरएफपी – माल एवं सेवा कर अधिनियम (जीएसटी) को कार्यान्वयन हेतु परामर्शदाता की नियुक्ति' - व्यावसायिक बोली – निविदा संदर्भ सं.ओ.ई.कं.लि./एसी/जीएसटी/28.04.2017

8.6 **कंपनी किसी भी परिस्थिति में बोली जमा करवाने की तिथि को बढ़ाने हेतु किसी भी आवेदन पर विचार नहीं करेगी। 10.05.2017 को सायं 4 बजे के बाद प्राप्त किसी भी बोली पर विचार नहीं किया जाएगा। कृपया नोट करें कि यदि सीलबंद कवर के अंदर तकनीकी एवं व्यावसायिक बोली/प्रस्ताव दोनों एक ही सीलबंद कवर में पाई जाती है तो उस प्रस्ताव को उसी समय अस्वीकृत कर दिया जाएगा।**

8.7 **कोई भी बोलीकर्ता/आवेदक/परामर्शदाता परामर्शी हेतु एक से अधिक आवेदन नहीं दे सकता।**

8.8 **प्रस्ताव तथा बोलीकर्ता तथा कंपनी द्वारा इस संबंध में किया गया पत्र-व्यवहार अंग्रेजी में ही होगा।**

9. स्पष्टीकरण एवं संशोधन

बोलीकर्ता स्प्ष्टीकरण यदि कोई होती, हेतु आवेदन 02.05.2017 या उससे पूर्व कर सकते हैं। स्पष्टीकरण हेतु आवेदन इस दस्ताबवेज में व्यक्त निहित पते पर लिखित रूप में पेपर मेल द्वारा या इलैक्ट्रानिक मेल द्वारा कर सकता है।

प्रस्ताव जमा करने से पूर्व किसी भी समय, ओरिएण्ट ल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, अपनी इच्छानुसार आरएफपी को संशोधित कर सकती है तथा प्रस्तावों को जमा करवाने की अंतिम तिथि को बढ़ा सकती है। ऐसे किसी भी संशोधन को कंपनी की वेबसाईट http://www.orientalinsurance.org.in पर अधिसूचित किया जाएगा तथा यह सभी बोलीकर्ताओं के लिए बाध्य होगा। यह नोट किया जाए कि ऐसे किसी संशोधन की सूचना अलग से किसी बोलीकर्ता को नहीं दी जाएगी। अत: इच्छुक आवेदकों को निर्देश किया जाता है कि बोली जमा करवाने की तिथि से पूर्व आरएफपी में किए गए, यदि कोई हो तो, परिवर्तन के बारे में स्वयं को अद्यतन रखने हेतु निरंतर रूप से वेबसाईट देखते रहें।

10. जमा बयाना राशि (ईएमडी)

बोलीकर्ताओं को रू.50,000/- (केवल पचास हजार रूपए) की प्रतिदेय बयाना राशि डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जमा करवानी होगी जा कि 'दि ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड' के पक्ष में दिल्ली में देय होगा तथा तकनीकी बोली का मुख्य भाग होगा। इस जमा बयाना राशि पर कोई भी ब्याज देय नहीं होगा।

ईएमडी को तकनीकी प्रस्ताव वाले लिफाफे में रखा जाएगा। बयाना राशि के बिना बोली को गैर-उत्तरदायी, अपूर्ण मान कर अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

इस संबंध में कंपनी द्वारा लिया गया कोई भी निर्णय अंतिम निर्णायक एवं बोलीकर्ता के लिए बाध्य होगा।

सफल बोलीकर्ता को संविदा प्रदान किए जाने के बाद जितना जल्दी संभव होगा बयाने की राशि की वापसी असफल बोलीकर्ताओं को शीघ्र ही कर दी जाएगी।

चुने गए बोलीकर्ता को ईएमडी की वापसी संविदा पूरी होने के 1 वर्ष बाद या संविदा समाप्त होने पर जो भी पहले हो, कर दिया जाएगा। चुने गए परामर्शदाता को एक वचनबद्धता देनी होगी कि नियोजन के कार्यान्वयन के दौरान उनसे परिशिष्ट एफ के रूप में मांगी गई सूचना/दस्तावेजों की गोपनीयता को वह बनाए रखेगा।

यदि किसी कारण से ईएमडी जब्त कर ली जाती है तो संबद्ध बोलीकर्ता को कंपनी द्वारा अगले तीन वर्षों में मांगे जाने वाले आरएफपी में भाग लेने से मना कर दिया जाएगा।

11. कार्यक्षेत्र

इसके अतिरिक्त, कंपनी को सेवाओं की आपूर्ति एवं प्राप्ति पर जीएसटी की देयता का निर्वहन भी करना है। जीएसटी क्षेत्र के निर्बाध परिचालन एवं कार्यान्वयन हेतु कंपनी ने परामर्शी एवं व्यावसायिकों की सलाहपूर्ण सेवाएं प्राप्त करने का निर्णय लिया है। यह जीएसटी, कार्यान्वयन भारत वर्ष के सभी कार्यालयों एवं प्रधान कार्यालय के सभी विभागों के लिए है।

निर्देश के नियम / जानने योग्य निम्नानुसार हैं:

1) फेस 1 – माल एवं सेवा कर के कार्यान्वयन का क्षेत्र

- प्रस्तावित विनियम जीएसटी (प्रारूप मॉडल कानून तथा उपलब्ध कारोकारी प्रक्रिया रिपोर्टों पर आधारित) द्वारा प्रभावित होने वाली सभी कारोबारी प्रक्रियाओं/कार्यों की पहचान करना ताकि दि ओरिएण्टल इंश्योरेंस को जीएसटी के महत्व से अवगत कराना।
- दि ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा आयोजित सभी कारोबारी प्रक्रियाओं पर जीएसटी के प्रभाव का विश्लेषण।
- शाखा कार्यालय, मंडल कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय के विभागों के कार्यों का अध्ययन करना तथा यदि आवश्यक हो तो कार्यालयों का दौरा करना।
- लंबी अवधि की नीति के विकास में मदद करना तथा जीएसटी के कार्यान्वयन के प्रभाव के बारे में विश्लेषण करना।
- जीएसटी के सुचारू रूप से कार्यान्वयन हेतु कंपनी के वर्तमान हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर की अनुकूलता एवं संग्रहता का अध्ययन एवं निर्धारण तथा यदि आवश्यक हो तो आवश्यक परिवर्तनों की सिफारिश करना तथा उन्हें अनंतिम रूप देना।
- कंपनी के जीएसटी के कार्यान्वयन में अग्रसर होने की सिफारिश करना, प्रचालन मुद्दों, संसाधनो की उपेक्षाओं पर विशेष रूप से फोकस करना तथा परियोजना प्रबंधन फ्रेमवर्क को अंतिम रूप देना।
- चुनौतियों को देखते हुए कोर टीम को प्रशिक्षित करना।

- कंपनी द्वारा तैयार रखी जाने वाली जानकारी, तथ्यों, रिपोर्टों एवं संबद्ध दस्तावेजों की सूची बनाते हुए विस्तृत प्रश्नावली तैयार करना।
- फेस-1 के अंत में कंपनी की संतुष्टि हेतु समेकित परियोजना रिपोर्ट जमा करना।

2) फेस 2 - कार्यान्वयन एवं व्यवहार सहयोग

- यह सुनिश्चित करना कि वर्तमान अप्रत्यक्ष कर क्षेत्र से नए जीएसटी क्षेत्र में व्यवहार सुचारू रूप से चल रहा है।
- कंपनी की लेखा संबंधी पॉलिसियों एवं प्रक्रियाओं का जीएसटी के संबंध में विभिन्नताओं का विस्तृत तकनीकी मूल्यांकन निष्पादित करना तथा हमारे लेखा फ्रेमवर्क में जीएसटी के निर्धारण में मदद करना।
- जीएसटी को शामिल करने हेतु, कंपनी की वर्तमान पॉलिसियों, प्रक्रियाओं, मेन्युअलों तथा रिपोर्टिंग पैकेज का अवलोकन एवं संशोधित करना।
- जीएसटी के प्रावधान के संबंध मं कंपनी के प्रत्येक संदेह का स्पष्टीकरण।
- प्रणाली में परिवर्तन मूल्यांकित करना – परिवर्तित की जाने वाली प्रक्रियाओं का निर्धारण – जीएसटी के कार्यान्वयन हेतु सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली में संशोधित करने का प्रावधान।
- वास्तविक रूप से परिवर्तन से पूर्व संपूर्ण रिपोर्टिंग प्रक्रिया तथा लेखा प्रणाली की निष्क्रिय गतिविधियों में कंपनी को सहयोग करना।
- फेस 2 के संपूर्ण प्रक्रिया का दस्तावेजीकरण।

3) फेस 3 - कार्यान्वयन के बाद की कार्यवाही

- कार्यान्वयन के प्रभाव का मूल्यांकन।
- नई मदों संबंधी मार्गदर्शन करना तथा संशोधनों को लागू करना तथा प्रणाली की विशिष्टताओं, यदि कोई हो तो,उनके बारे में सुझाव देना।
- जीएसटी विनियमों के अंतर्गत यथोचित रूप से अनुपालन को सुनिश्चित करना, मासिक/वार्षिक रिटर्न फाईल करना।
- यह सुनिश्चित करना कि जीएसटी के कार्यान्वयन के बाद, प्रत्येक कारोबारी मॉडल, प्रक्रिया तथा लेखा/सूचना प्रोद्योगिकी प्रणालियों में जीएसटी का पूर्ण रूप से अनुपालन हो रहा है।

नोट: उपरोक्त सूची में सब कुछ सम्मिलित किया गया है लेकिन यह विस्तृत नहीं है अर्थात् निर्देश के नियमों में जीएसटी अधिनियम एवं नियमों के अंतर्गत् कार्यान्वयन एवं अनुपालन हेतु अपेक्षित गतिविधियों के लिए व्यावसायिक मदद प्रदान करना भी शामिल होगा।

12. सामान्य शर्तें

प्रस्ताव तैयार करते समय बोलीकर्ता की इस आरपीएफ को बनाते समय दस्तावेजों की जांच करनी चाहिए। आवश्यक/अपेक्षित जानकारी में कमी पाए जाने पर प्रस्ताव अस्वीकृत किया जा सकता है।

दो स्थितियों वाली बोली प्रक्रिया:

वर्तमान आरएफपी का जवाब बोलीकर्ता दो भागों में अलग-अलग देगा – 'तकनीकी बोली' तथा 'व्यवसायिक बोली'।

तकनीकी बोली में पात्रता मापदण्डों के अनुसार आवश्यक विवरण तथा बोली से संबद्ध अन्य दस्तावेजों के साथ-साथ दस्तावेजी साक्ष्य रहेंगे, जबकि व्यवसायिक बोली में मूल्य संबंधी जानकारी रहेगी। पहली स्थिति में, बोलीकर्ताओं की उपस्थिति में केवल तकनीकी बोलियां खोली जाएंगी तथा कंपनी द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुसार मूल्यांकन किया जाएगा। कंपनी अपनी मर्जी के अनुसार बोलीकर्ताओं को कंपनी की चयन समिति के समक्ष प्रस्तुत होने के लिए आमंत्रित कर सकती है। कंपनी द्वारा निर्धारित तकनीकी आवश्यकताओं को पूरा करने वाले बोलीकर्ताओं को ही अपनी वाणिज्यिक बोली खोलने के लिए कहा जाएगा।

तकनीकी बोली में अपनाई जाने वाली मूल्यांकन प्रक्रिया केवल ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के विवेकाधिकार के अनुसार ही लागू की जाएगी तथा बोलीकर्ता को कोई भी मापदण्ड या मूल्यांकन रिपोर्ट या कोई भी तर्क देने के लिए कंपनी उत्तरदायी नहीं है। सामान्य शर्तों में शर्त नं.13 में दिए गए पात्रता मापदण्ड के अनुसार जो बोलीकर्ता तकनीकी बोली के योग्य माना जाएगा। उसे ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ईमेल द्वारा सूचित कर देगी।

कंपनी को पूर्ण अधिकार प्राप्त है कि बिना कोई कारण बताए अपने स्वयं का निर्णय लेते हुए किसी भी बोली को स्वीकार या अस्वीकार या मना कर सकती है।

बोली तथा आरएफपी प्रक्रिया दस्तावेजों की लागत वहन करना पूर्णत: बोलीकर्ता की जिम्मेवारी है। प्रक्रिया के आयोजन या परिणाम से इसका कोई संबंध नहीं है।

गैर-अंतरणीय बोली

यह बोली दस्तासेज अंतरणीय नहीं है। केवल बोलीकर्ता, जिसने यह बोली फार्म खरीदा है वही काम, यदि आबंटित किया जाता है तो, को करने का पात्र है। किसी भी प्रकार की आऊट सोर्सिंग नहीं की जाएगी।
बोलीकर्ता को इस आशय की एक वचनबद्धता देनी होगी कि उसने आरएफपी की मूल प्रति में किसी प्रकार का कोई संशोधन नहीं किया है तथा उपरोक्त का उल्लंघन किए जाने पर उसकी बोली को अस्वीकृत किया जा सकता है।

बोली का फार्मेट तथा हस्ताक्षर

बोली का प्रत्येक पृष्ठ बोलीकर्ता के कानूनी नाम पर बताया जाएगा तथा उस पर बोलीकर्ता या उसके एवज में उसके द्वारा प्राधिकृत किए गए व्यक्ति द्वारा विधिवत् रूप से हस्ताक्षर किए जाए तथा स्टांप लगाई जाएगी।

तकनीकी बोली :-

तकनीकी बोली में निम्न जानकारी होगी:

क) परिशिष्ट–ए के अनुसार कवरिंग पत्र ।

ख) इस दस्तावेज के परिशिष्ट-बी के अनुसार प्रस्ताव पत्र ।

ग) बोलीकर्ता की फर्म के प्रोफाईल के साथ पेश की गई अप्रत्यक्ष कर संबंधी सेवाओं के दस्तावेजी साक्ष्यों तथा परिशिष्ट-सी में वर्णित सभी संबद्ध संलग्नक।

घ) कार्य निष्पादन हेतु कार्य योजना एवं प्रणाली का विवरण।

ङ) कार्य के प्रत्येक फेस हेतु प्रमुख व्यावसायियों तथा उनके सहयोगी स्टॉफ की सूची।

च) अनुमानों सहित अन्य कोई ऐसी अतिरिक्त जानकारी जिसे परामर्शदाता टीम उचित समझती हो लेकिन उसे प्रस्ताव में कंही भी शामिल न किया गया हो तथा जिससे ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड़ को परामर्शदाता की सक्षमताओं का आकलन करने में मदद मिल सकती है।

छ) आरएफपी की लागत के रूप में **'दि ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड'** के पक्ष में, रू.2000/- (केवल दो हजार रूपए) का पे आर्डर/डिमांड ड्राफ्ट, यदि बोलीकर्ता आरएफपी दस्तावेज हमारी वेबसाईट के माध्यम से डाउनलोड़ करता है।

ज) बयाना राशि जमा (ईएमडी) के रूप में 'दि ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड' के पक्ष में, रू.50,000/- (केवल पचास हजार रूपए) का डिमांड ड्राफ्ट

झ) फर्म के सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत रूप से हस्ताक्षरित प्राधिकरण पत्र जिसमें फर्म की ओर से बोली पर हस्ताक्षर करने के लिए कार्य-निष्पादकों को प्राधिकृत किया हो।

नोट: तकनीकी बोली में किसी भी प्रकार की वित्तीय सूचना नहीं होगी। वाणिज्यिक बोली की सूचना वाली तकनीकी बोली को अवैद्य घोषित तर दिया जाएगा तथा उसे अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

व्यवसायिक बोली

व्यावसायिक बोली कंपनी द्वारा दिए गए परिशिष्ट ई में ही जमा करवाई जाए तथा उसके साथ परिशिष्ट डी के अनुसार कवरिंग लैटर लगा हो तथा उसमें कोई विभिन्नता, प्रतिबंधित विवरणियां न हों, अन्यथा ऐसी बोलियों को रद्द करने का कंपनी को पूरा अधिकार है। मूल्य भारतीय मुद्रा में उद्धत हो तथा उसमें सब कुछ सम्मिलित हो। भुगतान के समय लागू सेवा कर के अलावा अन्य कोई भी अलग से फीस/प्रतिपूर्ति कंपनी द्वारा नहीं की जाएगी।

13. मूल्यांकन मापदण्ड

I. तकनीकी बोलियों का मूल्यांकन निम्न प्रक्रिया के अनुसार किया जाएगा। पात्र बोलीकर्ताओं को तकनीकी मूल्यांकन हेतु कंपनी को प्रस्तुति देनी होगी।

क्र.सं.	**मापदण्ड** का विवरण	अंक देने हेतु विषय	अधिकतम अंक
1	व्यक्तियों की संख्या तथा योग्यता - भागीदारों तथा योग्य एफसीए/विधि स्नातकों की संख्या प्रत्येक भागीदार/कर्मचारी की 31.03.2017 को फर्म के पास जुड़े जोना चाहिए।	(31.3.2017 का) न्यूनतम 06 भागीदार 05 अंक, अतिरिक्त एक भागीदार के लिए: 1, अधिकतम 10 न्यूनतम 10, व्यवसायिक योग्य स्टॉफ - 5 अंक प्रत्येक अतिरिक्त योग्य कर्मचारी हेतु: 5 अंक, अधिकतम 10	20
2	अप्रत्यक्ष कर परामर्शी में अनुभव के वर्षों की संख्या	न्यूनतम 10 वर्षों हेतु 20 अंक तथा प्रत्येक अतिरिक्त पूर्ण वर्ष हेतु 2 अंक: अधिकतम 10	30
3	पिछले तीन वर्षों में 1000 करोड़ रूपए या अधिक वाली औसतन	मूल मापदण्ड पूरा करने हेतु : (पिछले तीन वर्षों अर्थात् 01.04.2014 के बाद) परामर्शी के	25

	टर्नओवर वाली कम-से-कम तीन बड़े संस्थानों में कारपोरेट स्तर पर सेवा कर परामर्शी के रूप में अनुभव	रूप में निरंतर कार्य के प्रत्येक वर्ष हेतु प्रति वर्ष 5 अंक अधिकतम 10 अंक साधारण बीमा कंपनी में 3 वर्ष से अधिक का अनुभव : 5 अंक सा.क्षे.उ. की साधारण बीमा कंपनी में 3 वर्ष से अधिक का अनुभव : 5 अंक	
4	इस लेखा परियोजना में लगाए जाने वाले व्यवसायियों /विधि व्यवसायियों/ सू.प्रौ. व्यवसायियों की संख्या	• प्रत्येक लेखा/विधि व्यवसायी का 2 अंक लेकिन अधिकतम 6 अंक • प्रत्येक सू.प्रौ. व्यक्ति के लिए 2 अंक लेकिन अधिकतम 4 अंक	10
5	बोलीकर्ताओं द्वारा प्रस्तुति तथा आंतरिक समिति द्वारा मूल्यांकन	कार्य योजना, प्रणाली टीम संगठन तथा प्रस्तुतियों के आधार पर आंतरिक समिति द्वारा अंक दिए जाएं।	15
	कुल		100

उपरोक्त मापदण्ड के अनुसार तकनीकी मूल्यांकन हेतु 100 में से 70 अंक प्राप्त करने वाले बोलीकर्ताओं पर ही विचार किया जाएगा। 70 से कम तकनीकी अंक प्राप्त करने वाले व्यवसायिक बोली के आवेदकों के व्यवसायिक/वित्तीय मूल्यांकन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

II. व्यावसायिक बोलियों के मूल्यांकन हेतु मापदण्ड :

सफल तकनीकी बोली को एल1, एल2 तथा एल3 के नाम से ग्रेड दिया जाएगा जबकि एल1 वाला बोलीकर्ता वह व्यक्ति होगा जिसका प्रस्ताव सबसे कम मूल्य का होगा।

<u>बोलियों का स्पष्टीकरण</u>

बोलियों के मूल्यांकन के समय यदि कंपनी आवश्यक समझे तो बोलीकर्ता से बोली के संबंध में स्पष्टीकरण मांग सकती है। स्पष्टीकरण हेतु आवेदन तथा जवाब लिखित में/ईमेल द्वारा दिया जाएगा।

14. अवार्ड की अधिसूचना

संविदा, तकनीकी अनुपालन व्यवसायिक प्रतिफल तथा सभी नियमों एवं शर्तों के अनुपालन के तहत, आरएफपी की स्वीकृति की सूचना लिखित रूप में संविदा का प्रस्ताव/सेवा आदेश के द्वारा बोलीकर्ता को उसमें आरएफपी जवाब में दिए गए पते पर दे दी जाएगी।

बोलीकर्ता के पते में कोई परिवर्तन होने पर इसे निम्न पते पर भेज दिया जाएगा:

उप महाप्रबंधक - लेखा

दि ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड,

लेखा विभाग, दूसरा तल,

ओरिएण्टल हाउस, ए-25/27, आसफ अली रोड,

नई दिल्ली - 110002

सफल बोलीकर्ता को जारी लिखित रूप में संविदा का प्रस्ताव/आवेदन को बोलीकर्ता द्वारा प्रस्तावव जारी करने की तिथि से 7 दिनों के भीतर आवश्यकक रूप से लिखित में स्वीकार करना होगा।

संविदा/अनुबंध पर हस्ताक्षर

सफल बोलीकर्ता द्वारा ओरिएण्ट्ल इंश्यो रेंस कंपनी लिमिटेड के प्रस्ताव की स्वीकृति की तिथि से 7 दिनों के भीतर सफल बोलीकर्ता/परामर्शी को कंपनी द्वारा निर्धारित फार्मेट में एक अनुबंध/संविदा पर हस्ताक्षर करने होंगे। संविदा 30 सितंबर 2018 (30.09.2018) तक वैद्य होगी।

सफल बोलीकर्ता द्वारा निर्धारित अवधि के भीतर अनुबंध/संविदा को निष्पादित करने में ही देरी, असफलता, भूल से बोली की वैद्यता समाप्त हो जाएगी। इस स्थिति में सफल बोलीकर्ता/परामर्शी को बिना कोई नोटिस दिए उसकी बयाना जमा राशि (ईएमडी) को कंपनी द्वारा जब्त कर लिया जाएगा। संविदा/अनुबंध के निष्पादन की तिथि से 15 दिनों के भीतर परियोजना को आरंभ करने में सफल बोलीकर्ता/परामर्शी द्वारा देरी, भूल, असफलता के कारण संविदा/अनुबंध की संविदा को रद्द माना जाएगा। संविदा/अनुबंध के निष्पादन की तिथि से 15 दिनों के भीतर परियोजना को आरंभ करने में सफल बोलीकर्ता/परामर्शी द्वारा हुई देरी, भूल, असफलता के कारण संविदा को रद्द करने के अलावा, ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को पूर्ण अधिकार है कि वह ईएमडी की राशि का समायोजन कंपनी को हुई हानि या क्षति के लिए कर सकती है।

सफल बोलीकर्ता द्वारा निष्पादन गारंटी

आदेश प्राप्त होने पर, सफल बोलीकर्ता को आडर्र के 25 प्रतिशत मूल्य के बराबर की निष्पादन बैंक गारंटी, स्वीकृति की तिथि से एक सप्ताहह के भीतर दिसंबर 2018 तक वैद्य जिसे आपसी सहमति द्वारा बढ़ाया जा सकता है देनी होगी। लेकिन यदि कभी यह पाया जाता है कि मामले को निपटाने में तथा निर्दिष्ट समय सीमा का ध्यान न रखते हुए जानबूझकर देरी की गई है तो कंपनी देय फीस का 2% जुर्माने के रूप में काट लेगी।

जुर्माना क्लॉज

ओइंकंलि के पास निम्नलिखित परिणामस्वरूप कंसल्टेंट के भुगतान शुल्क से कटौती का अधिकार सुरक्षित होगा

कारण	प्रथम घटना	द्वितीय घटना	तृतीय घटना
हमारी कंपनी को जब आवश्यकता हो तब हमारे कार्यालय में आने में विफल	सावधानी टिप्पणी	2 प्रतिशत	ओइंकंलि द्वारा प्राथमिकता के आधार पर निर्णित

रहना			
ओइंकंलि द्वारा किए गए संदर्भों में अत्याधिक देरी	सावधानी टिप्पणी	2 प्रतिशत	ओइंकंलि द्वारा प्राथमिकता के आधार पर निर्णित

कार्यपूर्ण करने की समयावधि:

संपूर्ण कार्य को निम्न समयावधि के भीतर पूरा करना होगा:

फेस-1 - जीएसटी के कार्यान्वयन का क्षेत्र	31.05.2017 तक पूरा किया जाए।
फेस-2 - कार्यान्वयन एवं स्वंय व्यवहार सहयोग तथा जांच	30.06.2017 तक पूरा किया जाए।
फेस-3 - कार्यान्वयन के पश्चात की कार्यवाही	कार्यान्वयन की तिथि से 1 वर्ष या 30.09.2018 जो भी बाद में हो।

अप्रत्याशित कारणों से पूर्णता में हुई देरी के लिए आपसी सहमति से विस्तार दे दिया जाएगा।

यदि परामर्शी आरएफपी में निर्धारित समयावधि में काम को पूरा करने में असमर्थ रहता है और समय के विस्तार की भी अनुमति नहीं दी गई हो तो इसे संविदा का उल्लंघन माना जाएगा। देरी होने की स्थिति में ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड आदेश को रद्द कर सकती है तथा बैंक गारंटी की मांग कर सकती है।

